604. कालीबाई राजस्थान के किस आंदोलन से संबंधित है?

(a) बिजौलिया आंदोलन (b) बेगू आंदोलन
(c) रस्तापाल आंदोलन (d) स्वदेशी आंदोलन

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019
RPSC School Lecturer-26-04-2017
Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (c) : कालीबाई राजस्थान के रस्तापाल आंदोलन (डुंगुरपुर) से सम्बन्धित है। रस्तापाल के प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक सेंगा भाई, आदिवासियों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे, जिसे पुलिस द्वारा बंद कराने पर कालीबाई ने अपने जीवन का बलिदान देकर अपने गुरु सेंगा भाई की जान बचाई। कालीबाई के बलिदान (21 जून 1947) से आदिवासियों में नई चेतना जागी तथा कालीबाई की स्मृति में डूंगरपुर जिले में एक पार्क बनाया गया।

605. 'राजस्थान सेवा संघ' की स्थापना कब हुई?

(a) 1919 ई. (b) 1921 ई.
(c) 1924 ई. (d) 1926 ई.

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018
Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (a) : राजस्थान में किसान आंदोलन के जनक कहे जाने वाले विजय सिंह पथिक ने 1919 में वर्धा में राजस्थान सेवा संघ की स्थापना की। किसानों ने इनको महात्मा की उपाधि दिया था।

606. 1919 में 'राजस्थान सेवा संघ' की स्थापना कहाँ की गयी?

(a) बिजौलिया (b) वर्धा
(c) अजमेर (d) जयपुर

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या–

607. भरतपुर का जाट नेता जिसने शेखावटी के जाट कृषकों को विद्रोह हेतु प्रेरित किया, वह था–

(a) चन्द्रभान (b) घासीराम
(c) देशराज (d) लादूसिंह

प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018
MVSI-2013

Ans. (c) : ठाकुर देशराज भरतपुर के एक प्रमुख जाट नेता थे जिन्होंने शेखावटी के जाट कृषकों को विद्रोह हेतु प्रेरित किया। ठाकुर देशराज ने राजस्थान संदेश, ग्राम समाचार व किसान नामक समाचार पत्र प्रकाशित किये तथा राजस्थान जाट महासभा (1931) की स्थापना की।

608. 1936 में मघाराम ने 'बीकानेर प्रजामंडल' की स्थापना किस स्थान पर की थी?

(a) बीकानेर (b) बम्बई
(c) कलकत्ता (d) गंगानगर

MVSI-2013
सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019
MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (c) : 4 अक्टूबर, 1936 में मघाराम वैद्य ने बीकानेर प्रजामंडल' की स्थापना कलकत्ता में किया था। बीकानेर जोधपुर के बाद दूसरी सबसे बड़ी रियासत थी। वर्ष 1942 में बीकानेर राज्य प्रजा परिषद की स्थापना, रघुवर दयाल गोयल, गंगादास कौशिक तथा दाऊलाल आचार्य ने किया।

609. 1942 के 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में किस रियासत की प्रजामंडल ने भाग नहीं लिया था?

(a) कोटा (b) मेवाड़
(c) मारवाड़ (d) जयपुर

MVSI-2013

Ans. (d) : वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन' में जयपुर प्रजामंडल ने भाग नहीं लिया। जयपुर प्रजामण्डल की स्थापना वर्ष 1931 में कपूरचन्द पाटनी के द्वारा किया गया था। 1942 में हीरा लाल शास्त्री तथा जयपुर के तत्कालीन प्रधानमंत्री मिर्जा इस्माइल के मध्य जेन्टलमेन एग्रीमेन्ट नाम से एक समझौता हुआ। इस समझौते के तहत भारत छोड़ो आन्दोलन में जयपुर प्रजामंडल ने भाग नहीं लिया।

610. 1934 ई. में प्रजापति जाट महायज्ञ किस स्थान पर हुआ था?

(a) सीकर (b) पलथाना
(c) सूरजगढ़ (d) पाटन

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (a) : राजस्थान में सीकर किसान आन्दोलन की शुरूआत 1931 में राजस्थान जाट क्षेत्रीय महासभा की स्थापना की गई थी। जाटों में जन जागृति उत्पन्न करने के लिए 'प्रजापति जाट महायज्ञ' का आयोजन 20 जनवरी, 1934 को सीकर में किया गया था।

611. नीमूचाना हत्याकांड किस वर्ष में घटित हुआ?

(a) 1915 (b) 1925
(c) 1935 (d) 1945

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016
कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018
मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)
Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022
Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016
MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (b) : नीमूचाना किसान आंदोलन (1923-25) अलवर के महाराज जयसिंह द्वारा लगान वृद्धि के विरोध में शुरू हुआ था। राजपूत किसान नीमूचाना गांव में एकत्रित हुए। मई 1925 में सेना ने राजपूत किसानों पर गोलियां चलाई जिसमें 50 से अधिक किसान मारे गए। महात्मा गांधी ने इसकी तुलना जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड से की थी।

612. 'नीमूचणा किसान आंदोलन हत्याकाण्ड' राजपुताना की किस रियासत में हुआ था?

(a) अलवर (b) मेवाड़
(c) भरतपुर (d) जैसलमेर

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (a) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

613. मेवाड़ एवं पड़ोसी क्षेत्रों में 'एकी आन्दोलन' की स्थापना करने वाला था–

(a) साधु सीताराम (b) रामनारायण चौधरी
(c) पं. नयूनूराम (d) मोतीलाल तेजावत

Investigator Exam Date- 21.08.2016
JEN Mechanical Diploma 21.8.2016
MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011
लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018
Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016
Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022